प्रादेशिक समाचार
21.05.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 103 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का करेंगे उद्घाटन, झारखंड के राजमहल, गोविंदपुर रोड और शंकरपुर स्टेशन शामिल।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में टीएसी की अहम बैठक संपन्न, परिषद की वैधता पर मिली कानूनी पुष्टि, आदिवासी हित में शराब दुकानों पर लगेगी रोक, ग्रामसभा की अनुमति अनिवार्य।
3. शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जमशेदपुर मे सेंट्रल किचन का किया निरीक्षण, पोषण और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की घोषणा की।
4. भाजपा ने शराब घोटाले मामले मे राज्य सरकार पर साधा निशाना, सीबीआई जांच की मांग की।
5. आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल भारत की रेलवे अवसंरचना के लिए ऐतिहासिक दिन है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि अमृत स्टेशन, सुविधा और सम्पर्क को प्रोत्साहन देंगे तथा देश की उत्कृष्ट संस्कृति प्रदर्शित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी कल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक सौ तीन अमृत भारत स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। इस योजना के तहत झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति सलाहकार परिषद (टीएसी) की अहम बैठक आज रांची में संपन्न हुई। बैठक के बाद परिषद के उपाध्यक्ष स्टीफन मरांडी ने बताया कि टीएसी की वैधता को लेकर कानूनी सलाह ली गई है और विशेषज्ञों ने इसे वैध माना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अब शराब दुकानें ग्रामसभा की अनुमति के बाद ही खोली जाएंगी। श्री मरांडी ने यह भी स्पष्ट किया कि थाना की वैधता और खरकई डैम विवाद पर कानूनी प्रक्रिया और आवश्यक कार्रवाई जारी है।

********************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित सेंट्रल किचन का अचानक निरीक्षण कर मिड डे मील की गुणवत्ता का जायजा लिया और खुद भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने घोषणा की कि हर 100 स्कूल पर एक सेंट्रल किचन बनाया जाएगा ताकि बच्चों को पौष्टिक भोजन मिल सके और रसोइयों की नौकरी भी सुरक्षित रहेगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सेंट्रल किचन से जुड़े नियमों में बदलाव कर पोषण और गुणवत्ता सुनिश्चित करेगी।

********************

बोकारो जिले में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उपायुक्त ने सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

********************

रांची में 25 मई को आयोजित होने वाली यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के लिए जिले के 48 परीक्षा केंद्रों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण बनाने के लिए दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। भीड़ और असामाजिक तत्वों की आशंका को देखते हुए सदर अनुमंडल दंडाधिकारी ने सभी केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह निषेधाज्ञा 25 मई को सुबह साढे सात बजे से शाम साढे सात बजे तक प्रभावी रहेगी, जिसमें पांच या अधिक व्यक्तियों के जमावड़े, ध्वनि यंत्र, अस्त्र–शस्त्र और किसी भी सभा पर रोक रहेगी।

********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में हुए शराब घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। रांची में प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि 2022 से चल रहा यह घोटाला दिल्ली और छत्तीसगढ़ से भी बड़ा है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि आईएएस विनय चौबे की गिरफ्तारी केवल बड़ी मछलियों को बचाने की साजिश है, जबकि उन्होंने पहले ही इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

इधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शराब घोटाले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सीओ से लेकर सीएमओ तक भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने आज झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेता रांची के नामकुम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सोरेन के योगदान को याद करते हुए कहा कि दुर्गा सोरेन का जीवन संघर्ष और समाज सेवा को समर्पित था।

********************

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज रांची के धुर्वा स्थित राजीव गांधी वरिष्ठ नागरिक उद्यान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव और कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे समेत कई गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। डॉक्टर उरांव ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में आईटी क्रांति की नींव रखी और युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार दिलाया।

********************

1. खूंटी ज़िले में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने जल मीनार और चापाकल की अविलंब मरम्मत तथा सभी योजनाओं को समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

2. हजारीबाग जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। पारा लीगल वॉलेंटियर्स ने ग्रामीणों को बाल विवाह, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा और डायन प्रथा जैसे मुद्दों पर जागरूक किया ।

3. जमशेदपुर के मानगो में जल संकट और गंदगी को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा ने नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पानी की आपूर्ति बाधित रहने, बढ़ती गंदगी और अनियमित बिलिंग को लेकर निगम प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया।

********************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा।

******समाप्त**************